और उनमें से कितने विद्यार्थियों को छात्रावास में जगह मिली हुई है ; और

(ख) 1982–83, 1983–84 और 1984–85 के वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से कुल कितनी सहायता राशि प्राप्त हुई तथा उसमें छात्रावास निर्माण के लिए कितनी राशि दी गयी थी और इस सम्बंध में खर्च का ब्योरा क्या है ?

शिक्षा मंत्री (श्री के० सी० पन्त) : (क) विश्वविद्यालय के कालेजों द्वारा सभी अवर-स्नातक कार्यक्रम प्रदान किए जाते हैं। वर्ष 1984–85 के दौरान, इस प्रकार के कार्यक्रमों में कुल दाखिला 74,226 था। वर्ष 1984-85 के दौरान, कालेज, छात्रावासों में छात्रों की कुल संख्या 4367 थी, जिसमें कुछ स्नातकोत्तर छात्र भी शामिल हैं।

(ख) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वर्ष 1982–85 की अवधि के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय तथा कालेजों को संस्वीकृत किए गए विकास अनुदानों के ब्यौरे नीचे दिएगए हैं :—

(रुपये लाखों में)

वर्ष	दिल्ली विश्वविद्यालय		दिल्ली के कालेज	
	दिया गया कुल अनुदान	छात्रावास के निर्माण के लिए अनुदान	दिया गया कुल अनुदान	छात्रावास के निर्माण के लिए अनुदान
1982–83	116.70	—	63.02	कुछ नहीं
1983–84	120.49	10.00	61.15	कुछ नहीं
1984–85	642.55	36.00	136.76	कुछ नहीं

Closure of Railway Lines in Assam

2050. SHRI V. GOPALSAMY:
SHRI L. GANESAN: '

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether any railway line has been closed down in Assam sector;

(b) if so, what are the details thereof and what are the reasons for the same;

(c) whether Government contemplate to close down any more railway lines in Assam in the near future; and

(d) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY ' OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

केन्द्रीय जल आयोग और केन्द्रीय विद्युत् प्राधिकरण का प्रशासनिक ढांचा

2051. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय जल आयोग और केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण का प्रशासनिक ढांचा क्या है और नियुक्ति, पदोन्नति और सतर्कता आदि से संबंधित मामलों को निपटाने में कितना समय लगता है ;